तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 पेयजल, स्वास्थ्य पर फोकस, आम जनता को नहीं हो परेशानी





# कचरे के ढेर में मिले गणवेश के दर्जनों बंडल, विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ चांदो स्थित संकुल केंद्र का मामला

बलरामपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत चांदों स्थित शासकीय कन्या प्राथमिक शाला परिसर में कूड़े के ढेर में बड़ी संख्या में बच्चों के गणवेश मिला है। सोमवार को सुबह कचरे के ढेर में गणवेश के दर्जनों बंडल फेंके देख ग्रामीणों ने इसकी वीडियों बनाई तथा स्थिति से विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया।

चांदो स्थित शासकीय कन्या प्राथमिक शाला का संचालन नवीन भवन में किया जा रहा है जबकि परिसर स्थित पुराने भवन के एक कमरे को संकुल का गोदाम बनाया गया है। गोदाम में भारी मात्रा में बच्चों के गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का भंडारण किया गया है। गोदाम का उपयोग लम्बे समय से बंद होने के कारण पास की खाली भूमि में लोग कचरा फेंकते हैं। सोमवार को ग्रामीणों ने कचरे के ढेर में गणवेश के दर्जनों बंडल देखकर हैरान रह गए। एक तरफ गणवेश के अभाव में गरीब बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ विभाग द्वारा भारी संख्या में गणवेश कचरे के ढेर में फेंके हुए मिले है। हैरानी की बात है सभी गणवेश व्यवस्थित बंडल में बंधे हुए मिले है जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि गणवेश जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुंचाने के बजाय उन्हें सड़ने के लिए कचरे के ढेर में फेंका गया है। बताया जा रहा है कि सत्र 2024-25 में विद्यार्थियों के



कचरे के ढेर में बिखरे गणवेश।

लिए संकुल केंद्र द्वारा गणवेश मंगाए गए थे लेकिन इनका वितरण नहीं किया गया तथा विद्यार्थियों तक पहुंचाने के बजाय इन्हें कचरे के ढेर में फेंक दिया गया। बलरामपुर जिले में गणवेश के दुरूपयोग का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी गणवेश वितरण में गड़बड़ी के कई मामले सामने आ चुके हैं तथा पूर्व के जिला शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई एवं निलंबन जैसी स्थिति निर्मित हो चुकी हैं इसके बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं आया है। इस घटना के सामने आने के बाद विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्पष्ट है कि संकुल केंद्रों को आवंटित गणवेश जरूरतमंद विद्यार्थियों तक नहीं पहुंचा और विभाग निगरानी के नाम पर कागजी खानापूर्ति करता रहा। विभाग के अधिकारी मामले की जांच कराने की बात कह रहे हैं घटना के तीन दिवस गुजर जाने के बावजूद विभाग का कोई अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा है तथा अधिकारी इस संबंध में कुछ भी कहने से बच रहे है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को कुछ शिक्षक पहुंचे थे तथा कचरे के ढेर में पड़े गणवेश के बंडलों को उठाकर गोदाम में रख दिए हैं। गोदाम में नया ताला बंद मिला है।

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गुप्ता ने बताया कि गणवेश कचरे के ढेर में कैसे पहुंचा इसका पता लगाने शिक्षकों को भेजा गया है। जांच उपरांत मामले में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## रेत से रिसे पानी से बुझ ही नगरवासियों की प्यास

# गर्मी में सूखी कनहर की धारा, पेयजल आपूर्ति के लिए नदी की रेत में खोदा गया गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ वर्षों से जल आवर्धन योजना के स्वीकृति का इंतजार

भीषण गर्मी में सरगुजा के अंतिम छोर पर बसे रामानुजगंज की जीवनदायिनी कनहर नदी की धारा सूखने से पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। इस भीषण संकट के निवारण के लिए नगरपालिका परिषद ने नदी की रेत में गड्ढा खुदवाया है। अब परिषद रेत से रिसे पानी से नगरवासियों की प्यास बुझा रही है। अभी तो रेत से रिसे पानी से लोगों की प्यास बुझ जा रही है लेकिन भविष्य में पानी का तल नीचे जाने पर नगरवासियों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

सरगुजा के पुराने विकासशील नगरों में शुमार रामानुजगंज में अभी तक आबादी के अनुकूल शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं हो सकी है तथा आज भी नगरपालिका परिषद की बड़ी आबादी को दशकों पुरानी जल आवर्धन योजना से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या के निराकरण के लिए वर्षों पूर्व कनहर नदी में करोड़ों की लागत से एनीकट का निर्माण कराया गया है लेकिन तकनीकी खामियों की वजह से एनीकट में रेत भरने एवं वर्षों से गेटों के क्षतिग्रस्त होने के कारण इसका लाभ कभी नहीं मिल सका। हर साल गर्मी शुरू होते ही कनहर नदी की धार सूख जाती है। कभी नदी की पतली धारा चलती भी है तो संपवेल तक पानी नहीं पहुंच पाता तथा नगर में जल संकट की स्थिति निर्मित हो जाती है। कई बार तो मार्च महीने के मध्य में ही कनहर की धार सूख जाती है। पूर्व में हुई बारिश के कारण इस बार कनहर की सूख रही धारा को जीवन मिल गया तथा फिर से नदी का प्रवाह चालू हो गया था। हाल के दिनों में लगातार भीषण गर्मी पड़ने के बाद अब कनहर की धार सूखने की कगार पर है तथा नदी का पानी संपवेल तक नहीं पहुंच रहा था। जिससे जल संकट की स्थिति निर्मित हो गई थी। मजबूरी में नगर पालिका परिषद ने मंगलवार को जेसीबी की मदद से कनहर नदी में गड्ढा खुदवाया। परिषद् द्वारा रेत से रिसकर गड्ढे में एकत्र पानी को फिल्टर प्लांट में स्वच्छ कर घर-घर में आपूर्ति की जा रही है। भविष्य में जल संकट बढ़ने पर पोकलेन की मदद से गड्ढे की गहराई बढ़ाने के साथ ही इसके आकार को भी बड़ा बनाया जाएगा। नगर पालिका परिषद के पास से पेयजल संकट के निवारण हेतु रेत में पोखर खोदने के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प भी नहीं है। अभी तो जैसे-तैसे पेयजल की जरूरतें पूरी हो जा रही हैं लेकिन गर्मी का हाल यही रहा तो भविष्य में परेशानी और अधिक भयावह हो सकती है।



रेत में गड्ढा खोदते जेसीबी।

### संपवेल में भरी रेत, फिल्टर प्लांट पुराना

पेयजल आपूर्ति के लिए प्रारंभ में निर्मित पानी टंकी अब जर्जर हो गई है तथा पानी का रिसाव होने के कारण इसका उपयोग बंद कर दिया गया है। कनहर एनीकट में निर्मित संपवेल में रेत भर गई है जिससे उसकी जलभराव क्षमता काफी कम हो गई। नदी के पानी को स्वच्छ बनाने के लिए वर्षों पूर्व निर्मित फिल्टर प्लांट भी काफी पुराना हो गया है तथा जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है। गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति बंद होने पर पेयजल आपूर्ति के लिए दो जनरेटर की जरूरत पड़ती है एक जेनरेटर नदी में जबकि दूसरे को टंकी में पानी भरने के लिए उपयोग किया जाता है। स्वयं का जनरेटर नहीं होने के कारण परिषद किराए के जनरेटर से काम चलाता है। किराया पर भारी भरकम राशि खर्च होने के कारण परिषद लम्बे समय से स्वयं का जेनरेटर खरीदने की योजना बना रहा है लेकिन राशि के अभाव में जेनरेटर खरीदी लंबित पड़ी है।

### चाहिए नई जल आवर्धन योजना

वर्षों से चल रहे जल संकट के स्थाई निराकरण के लिए नई जल आवर्धन योजना को अब अत्यंत आवश्यक बताया जा रहा है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर जब तक नई जल आवर्धन योजना का निर्माण नहीं होगा इस समस्या से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। शासन द्वारा वर्षों पूर्व 12 करोड़ की नई जल आवर्धन योजना की स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने योजना के क्रियान्वयन में रूचि नहीं ली न ही योजना के निर्माण की ही कोई पहल की। नगरपालिका परिषद के जनप्रतिनिधियों की पहल पर विभाग ने 30 करोड़ के नई जल आवर्धन योजना का प्रस्ताव शासन को भेजा है। क्षेत्रवासी नई जल आवर्धन योजना के निर्माण की स्वीकृति मिलने का इंतजार कर रहे है।

### खोदा गया है गड्ढा

जल संकट की स्थिति निर्मित न हो इस उद्देश्य से कनहर नदी में गड्ढा खोदवाया गया है तथा गड्ढे में एकत्र पानी को स्वच्छ कर घर-घर में आपूर्ति की जा रही है। भविष्य में पोकलेन की मदद से गड्ढे का आकार बढ़ाया जाएगा। लोगों को आवश्यकता के अनुरूप पानी की आपूर्ति की जा रही है।

-सुधीर श्रीवास
सीएमओ, नपा परिषद, रामानुजगंज

# युवक ने कार्यालय में घुसकर की पटवारी से गाली-गलौज, मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/दरिमा

■ पटवारी संघ ने दर्ज कराई एफआईआर



पीड़ित पटवारी।

आरआई से फोन पर बात कराने से मना करने पर एक युवक ने कार्यालय में काम कर रहे पटवारी के साथ गाली-गलौज करने के साथ ही लात, घुसे एवं डंडे से पटवारी व उसके ऑपरेटर के साथ जमकर मारपीट की। घटना की जानकारी मिलने पर पटवारी संघ के पदाधिकारी दरिमा थाना पहुंचे एवं आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई।

पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम सोहगा निवासी जितेन्द्र कुजूर जमीन दलाली का काम करता है। बुधवार को हल्का पटवारी प्रकाश मंडल ग्राम कंठी में मुख्य मार्ग के किनारे स्थित अपने कार्यालय में काम कर रहे थे। इस दौरान अपाह्न 3.30 बजे ग्राम सोहगा निवासी जितेन्द्र कुजूर पटवारी कार्यालय पहुंचा एवं पटवारी से महिला आरआई का मोबाइल नंबर मांगा। पटवारी ने आरआई का का मोबाइल नंबर कार्यालय के सामने की दीवार पर अंकित होने की जानकारी दी। जितेंद्र कुजूर ने पटवारी प्रकाश मंडल से अपने फोन से आरआई का नंबर लगाकर बात कराने को कहा तो पटवारी ने खुद के मोबाइल से आरआई का नंबर डायल करने एवं बात नहीं होने पर अपने मोबाइल से बात कराने की बात कही। पटवारी द्वारा खुद के मोबाइल से आरआई से बात करने की बात पर नाराज होकर जितेंद्र पटवारी के साथ गाली-गलौज करने लगा तथा लात, मुक्के एवं डंडे से पटवारी व ऑपरेटर की जमकर पिटाई कर दी। घटना से आक्रोशित पटवारी संघ के पदाधिकारी पीड़ित को लेकर दरिमा थाना पहुंचे तथा घटना को लेकर जमकर नाराजगी जताई व आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई। संघ के संयोजक श्रीकांत चौबे एवं जिलाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर शहर में उसका जुलूस निकालने अन्यथा प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। संयोजक श्रीकांत चौबे ने बताया कि कार्यालय में घुसकर कर्मचारी के साथ गाली-गलौज व मारपीट की घटना पर तत्काल सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो कर्मचारियों का काम करना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे तत्वों को हतोत्साहित करने के लिए तत्काल कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो पटवारी प्रदेश स्तर पर आंदोलन करेंगे।

# 26 को होगी मंडी उपनिरीक्षक परीक्षा 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

■ 16 जिलों में बनाए गए परीक्षा केन्द्र

छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को 16 जिलों में प्रातः 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की गई है। जिसमें 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा से पूर्व इन दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें और निर्धारित समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों व समुचित पहनावे के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचें। निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के कम से कम 2 घण्टे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि प्रवेश के पूर्व सभी अभ्यर्थियों का अनिवार्य रूप से फ्रिस्किंग समय पर किया जा सके। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे।

**हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में हों शामिल-** परीक्षा में शामिल होने परीक्षार्थियों हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में शामिल हों (काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़ा पहनना वर्जित होगा)। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना अनिवार्य होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।

**इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पर्स, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी प्रतिबंधित-** परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभियर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा, इसके लिए ऐसे पोषाक वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में सामान्य समय से पहले पहुंचना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करने, अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर परीक्षा से वंचित किया जाएगा।

# भटगांव-बिश्रामपुर मार्ग पर कार ने स्कूटी सवार युवती को मारी टक्कर

■ घायल युवती को इलाज हेतु कराया गया अस्पताल में भर्ती

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग में पासंग नाला के आगे भटगांव की तरफ से आ रही तेज रफ्तार की बिना नंबर की न्यू ब्रांड स्विफ्ट डिजायर कार स्कूटी सवार युवती को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे मुड़कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, घटना मंगलवार की देर शाम की बताई गई है जहां कार भटगांव की तरफ से आ रही थी, दूसरी तरफ स्कूटी सवार रामनगर निवासी युवती मंजू राजवाड़े बिश्रामपुर से वापस अपने घर रामनगर जा रही थी, इसी दौरान तेज रफ्तार से भटगांव की तरफ से आ रही कार स्कूटी सवार से टकराते हुए सड़क किनारे जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची बिश्रामपुर पुलिस ने घायल पड़ी युवती को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया, बताया गया कि दुर्घटना ग्रस्त कार की चाभी इस दौरान खो गई जिसे पुलिस कर्मी खोज रहे थे, इसी दौरान थाने के आरक्षक अखिलेश्वर पांडेय का पैर चढ़ान में अचानक फिसल कर मूड गया जिससे उनका पैर फैक्चर हो गया, साथी कर्मियों ने उन्हें उठाकर अस्पताल लाया यहां उनके पैर में प्लास्टर लगाने के बाद चिकित्सक ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है।




## मानवाधिकार संगठन का दिखाते थे धौंस, मुख्य सरगना फरार

# फर्जी अधिकारी बनकर ठगी करने वाला गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

मानवाधिकार संगठन की आड़ में फर्जी अधिकारी बनकर क्षेत्र में ठगी करने वाले गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत पर एक युवती समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि ठग गिरोह का मुख्य सरगना फरार है। पुलिस ने ठगों के पास से एक इनोवा वाहन, 5 हजार नगद एवं सात नग मोबाइल जब्त किया है। इनके विरुद्ध जबरन घर मे घुसकर डराने धमकाने समेत पैसा वसूली का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक भ्रष्टाचार एवं अपराध संरक्षण संगठन मानवाधिकार संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज प्रजापति के कहने पर संस्था से जुड़े कोतरा रोड़ रायगढ़ निवासी रमाकांत मिंज एवं जोडाडीपा निवासी श्यामलाल सारथी अंबिकापुर आए हुए थे। जहां इनकी मुलाकात अनुज भगत से हुई जो दोनों को होटल में रुकवाया था। होटल में अनुज भगत ने दोनों की मुलाकात आकाश केरकेट्टा एवं आबिद खेस से करवाया और दोनों को मानवाधिकार संस्था का सदस्य बनवाया। इसके बाद 20 अप्रैल को एक युवती समेत ये पांचो गिरोह बनाकर वाहन क्रमांक सीजी 22 जी 3854 से आकाश केरकेट्टा के बतौली के ग्राम देवरी गए।जहां एक घर मे जबरन घुसकर फर्जी डॉक्टर एवं प्रैक्टिस का हवाला देते हुए धमका कर पैसा लिया।यहां के बाद सभी थाना क्षेत्र लुंड्रा पहुंचे और राता में डरा धमका कर उससे भी पैसे वसूल लिए।अगले दिन सीतापुर के ग्राम नकना पहुंचे और सुरेंद्र कुमार के घर मे प्रवेश कर खुद को मानव संगठन एवं अधिकारी बताते हुए उसके घर की तलाशी लेने और दारू बनाने का आरोप लगाते हुए 20 हजार रुपये की मांग की। इस दौरान एक जरकिन में पानी भरकर उसे दारू बता सुरेंद्र एवं उसकी मां को फंसाकर जेल में डालने की धमकी दी। उनकी धमकी से डरकर सुरेंद्र ने 4 हजार रुपये दे दिया। यहां से ठगी करने के बाद सभी ग्राम नकना निवासी बिंदु महंत के घर पहुंचे और जबरन घुसकर घर की तलाशी लेने लगे। इस दौरान घरवालों को इतना डराया और धमकाया की घर मे मौजूद बच्चे सदमे में आ गए। घर की तलाशी के दौरान घरेलू उपयोग के लिए रखी दवाइयों को फर्जी क्लिनिक चलाने की बात कहते हुए एक लाख रुपये की मांग की। ठगों ने एक हजार रुपये लिए और चले गए। पीड़ति सुरेंद्र एवं बिंदु महंत को ठगों की गतिविधियों पर शक हुआ तब इन्होंने ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### जेईई मेन्स परीक्षा में प्रयास आवासीय विद्यालय के 9 विद्यार्थी चयनित

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि सत्र 2025-26 में जेईई (मेन्स) परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत जिले में संचालित मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर के कक्षा 12वीं से 41 विद्यार्थी शामिल हुए थे। शामिल विद्यार्थियों में से परीक्षा में 9 का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के आकाश कुमार तिर्की, अनुसूचित जाति वर्ग के आदित्य कुमार सारथी, अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रीति मिंज, अन्य पिछड़ा वर्ग के अनुराग कुमार यादव, अनुसूचित जनजाति वर्ग के राहुल सिंह, कपूरचन्द सिंह, सावन लकड़ा, सुमित भगत एवं मोहन भगत चयनित हुए हैं। उन्होंने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए, उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### पंचायती राज दिवस पर कल पंचायतों में विशेष ग्राम सभा

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 (1) (क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ख) (3) के तहत विशेष ग्राम सभा में गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा के सदस्यों की शत प्रतिशत उपस्थिति कराने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव का होगा। ग्राम सभा की कार्यवाही छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 ख (3) अनुसार संचालित होगी।

### राशन दुकानों के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

**बलरामपुर।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रतिमाह हितग्राहियों को नियमित रूप से खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार सभी उचित मूल्य दुकानों को प्रत्येक कार्य दिवस में दो पालियों में कुल 8 घंटे दुकान खोलकर राशन वितरण करने के निर्देश है। जिसके अंतर्गत सुबह 8 से 12 बजे तथा दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक दुकानों का संचालन किया जाना है। हितग्राहियों को खाद्यान्न का उठाव करने में किसी प्रकार की समस्या न हो इस संबंध में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने उचित मूल्य दुकानों का सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश दिए है। जिला खाद्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिले में 483 उचित मूल्य की दुकान संचालित है जिसके माध्यम से 2 लाख 34 हजार राशन कार्ड धारियों को प्रति माह लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में वन नेशन वन राशन कार्ड योजना संचालित है जिसके अंतर्गत राशन कार्ड धारी अपनी सुविधा एवं इच्छानुसार किसी भी उचित मूल्य दुकान से राशन का उठाव कर सकता है। खाद्य अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की समस्या की जानकारी मोबाईल नंबर 9202608795 पर साझा कर सकते हैं, ताकि समय पर समाधान किया जा सकें।

### चोरों ने शादी घर के सामने से पार की बाइक

**अम्बिकापुर।** रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने गए युवक की बाइक को चोरों ने शादी घर के सामने से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम बंदना निवासी राम कृष्ण पैकरा आ. हिरानंद (28 वर्ष) सोमवार को ग्राम सोनतराई बडखापारा निवासी रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने बाइक क्रमांक सीजी 13 एएल 5034 से गया था। बाइक को शादी घर के सामने खड़ा कर रिश्तेदार के घर चला गया। कुछ समय बाद जब बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### विशाल भंडारे का आयोजन आज

**मनेन्द्रगढ़।** श्री विजय हनुमान टेकड़ी में विशाल भंडारे का आयोजन 23 अप्रैल को किया जा रहा है, जिसे लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। यह धार्मिक आयोजन विजय हनुमान टेकड़ी मंदिर परिसर में संपन्न होगा, जहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भंडारा कार्यक्रम गुरूवार की रात 7 बजे से प्रारंभ होकर प्रभु इच्छा तक निरंतर चलेगा। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना और लोगों के बीच सेवा एवं सहयोग की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में संत-महात्माओं का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। इनमें प्रमुख रूप से संत श्रीराम प्रिय दास जी महाराज श्रीधाम अयोध्या और वर्तमान महंत श्री रामेश्वर दास जी महाराज का सान्निध्य रहेगा, इसके अलावा आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय श्रद्धालुओं और भक्तों की महत्वपूर्ण भूमिका है। भंडारे में प्रसाद के रूप में भोजन की व्यापक व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति ने बताया कि साफ-सफाई, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। स्थानीय नागरिकों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से इस भव्य धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

### धीरज बनें अभाअका के कोरिया जिलाध्यक्ष

**बैकुण्ठपुर।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी



कांग्रेस के कोरिया जिला अध्यक्ष पद पर पार्षद धीरज कुमार शिवहरे की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। नियुक्ति के बाद कार्यकतार्ओं में उत्साह का माहौल है। संगठन पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि श्री शिवहरे के नेतृत्व में जिले में असंगठित कामगारों और कर्मचारियों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा तथा उनके अधिकारों के लिए प्रभावी कार्य किया जाएगा। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष धीरज कुमार शिवहरे ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### फाटक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

**कोरबा।** टीपी नगर रेलवे फाटक के आगे ट्रेक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। यह हादसा टीपीनगर चौक के आगे रेल लाइन को पार करते समय सुबह हुआ। शव देखकर फाटक पर तैनात कर्मचारी ने सीएसईबी चौकी पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई शुरू की। कोरबा रेलवे आरपीएफ की पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और उसकी पहचान के प्रयास जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो, तो वह तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

### कोरबा-यलहंका–कोरबा के मध्य चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कोरबा–यलहंका(बेंगलुरु)–कोरबा के मध्य यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 1-1 फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 08261 कोरबा-यलहंका–समर स्पेशल ट्रेन कोरबा से 2 मई को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08262 यलहंका–कोरबा समर स्पेशल ट्रेन यलहंका से 3 मई को चलेगी। गाड़ी संख्या 08261 कोरबा-यलहंका समर स्पेशल ट्रेन 2 मई को कोरबा से सुबह 9 बजे रवाना होगी जो 19 बजे यलहंका स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08262 यलहंका(बेंगलुरु)-कोरबा समर स्पेशल ट्रेन 3 मई को यलहंका से 21 बजे रवाना होगी।

---

### सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने ली दिशा की बैठक

# पेयजल, स्वास्थ्य पर फोकस, आम जनता को नहीं हो परेशानी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर बुधवार को जिला पंचायत के मंथन कक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने की।

इस दौरान दोनों जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि काफी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सांसद ने साफ शब्दों में कहा कि पेयजल और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराब हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत की जाए, जरूरत पड़ने पर टैंकर से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। गांव-गांव में पेयजल आपूर्ति की नियमित निगरानी हो। सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने जल जीवन मिशन, मनरेगा और अन्य केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय-सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मैदानी स्तर पर जाकर निरीक्षण करें और लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करें।

- **कोरिया–एमसीबी जिले के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में हुई बैठक**

बैठक में कोरिया जिले के मनरेगा के आंकड़े प्रस्तुत किए गए, जिनमें 53,429 पंजीकृत परिवार, 90,441 श्रमिक पंजीकृत, 36,895 परिवारों को रोजगार, 57,357 श्रमिकों को काम इनमें महिला श्रमिकों की 48 प्रतिशत भागीदारी है। सांसद ने इन आंकड़ों की सराहना करते हुए रोजगार के अवसर और बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीएमजनमन के तहत कोरिया जिले में 63 सड़कों का निर्माण, कुल लंबाई 363 किमी लगभग 266 करोड़ रूपए की स्वीकृति व सभी कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं और समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि हर स्कूल में बालिकाओं के लिए अलग शौचालय अनिवार्य हो, सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल और शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और मात्रा में कोई कमी न हो। जल संसाधन विभाग जिला एमसीबी को निर्देश दिए गए कि नहर निर्माण और मरम्मत कार्य तेज किए जाएं, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हो, डेम और तालाबों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

#### जनप्रतिनिधियों ने रखी क्षेत्रीय समस्याएं

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं और सुझाव दिए, जिन पर प्रशासन ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। दिशा बैठक में साफ संदेश दिया गया कि विकास कार्यों में देरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और आम जनता को बुनियादी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

---

**चोरी के बाद भी नहीं हुई मरम्मत**

# पेयजल संकट गहराया बाजार में फ्रिजर बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोयलांचल क्षेत्र का चरचा इन दिनों भीषण गर्मी की मार के बीच गहरे पेयजल संकट से जूझ रहा है। तापमान रोज नए रिकॉर्ड छू रहा है, लेकिन राहत के नाम पर व्यवस्थाएं पूरी तरह नाकाम साबित हो रही हैं। वर्षों से गर्मी के मौसम में लगने वाले प्याऊ इस बार पूरी तरह गायब हैं, जबकि ठंडे पानी के लिए लगाए गए फ्रिजर बंद पड़े हैं या सिर्फ दिखावे तक सीमित रह गए हैं।



नगर पालिका द्वारा पोनी पसारी स्थित रोजाना लगने वाले सब्जी बाजार और साप्ताहिक हाट बाजार में लोगों को राहत देने के लिए ठंडे पानी का फ्रिजर लगाया गया था। यह सुविधा बाजार आने वाले सैकड़ों लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होती थी, लेकिन अब यह पूरी तरह बंद पड़ी है। जानकारी के अनुसार महीनों पहले अज्ञात चोरों ने फ्रीजर से जुड़ा बिजली का बॉन्ड कनेक्शन उखाड़ कर चोरी कर लिया, इसके बाद से यह फ्रिजर निष्क्रिय पड़ा हुआ है और ठंडे पानी की व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। स्थानीय स्तर पर इस समस्या की जानकारी भी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जा चुकी है। पोनी पंसारी में बने शौचालय में कार्यरत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली महिला कर्मचारी ने इस मामले से मेन सुपरवाइजर सावित्री देवांगन को अवगत कराया था,इसके बावजूद महीनों बीत जाने के बाद भी कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया, जिससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। तेज गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच बाजार आने वाले लोगों खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग को पीने के ठंडे पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। टावर चौक स्थित हनुमान मंदिर और श्रमवीर स्टेडियम के पास पूर्व में लगाए गए फ्रिजर भी अब अपनी उपयोगिता खो चुके हैं। इनमें पानी तो आता है, लेकिन वर्षों से ठंडा नहीं हो रहा। रख-रखाव के अभाव में ये उपकरण सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गए हैं। जहां एक ओर सरकार और प्रशासन गर्मी से राहत के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, वहीं जमीनी हकीकत यह है कि एक साधारण फ्रिजर तक को ठीक नहीं कराया जा सका है। भीषण गर्मी और लू के बीच जब ठंडे पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब लोगों को गर्म पानी पीना पड़ रहा है। टावर चौक, बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भारी भीड़ रहती है, लेकिन वहां कोई प्रभावी पेयजल व्यवस्था नजर नहीं आती।

---

# चिलचिलाती गर्मी में प्यास से जूझ रहा चरचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोयलांचल क्षेत्र की जीवनरेखा माने जाने वाले चरचा कॉलरी क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अप्रैल का महीना समाप्ति की ओर है और तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, लेकिन इसके बावजूद आम लोगों के लिए राहत की कोई ठोस व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है। स्थानीय लोगों में बढ़ती नाराजगी इस बात को लेकर है कि प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में जहां सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाकर राहगीरों को राहत दी जाती थी, वहीं इस बार जिम्मेदार संस्थाएं पूरी तरह उदासीन बनी हुई हैं।

चरचा क्षेत्र में पहले गर्मी के दिनों में प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से प्याऊ की व्यवस्था की जाती रही है। विशेष रूप से एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चरचा माइंस आरओ के माध्यम से तथा सौम्य महिला मंडल द्वारा राजीव गांधी चौक और कटगोड़ी साफ्ट इलाके में ठंडे पानी की




सुविधा उपलब्ध कराई जाती थी, लेकिन इस वर्ष इन स्थानों पर कहीं भी प्याऊ नजर नहीं आ रहा, जिससे राहगीरों और मजदूर वर्ग को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका शिवपुर चरचा और एसईसीएल जैसे बड़े संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे भीषण गर्मी में जनता को राहत देने के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें, परंतु वर्तमान स्थिति यह दशार्ती है कि दोनों ही संस्थाएं इस गंभीर समस्या को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। न तो नगर पालिका द्वारा किसी भी चौक-चौराहे पर प्याऊ लगाया गया है और न ही एसईसीएल की ओर से कोई पहल की गई है। चरचा कॉलरी क्षेत्र में काफी संख्या में मजदूर, यात्री और स्थानीय लोग दिनभर आवाजाही करते हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच पीने के पानी की अनुपलब्धता ने उनकी मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। कई लोगों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें दूर-दराज के स्थानों पर पानी की तलाश करनी पड़ रही है या फिर बाजार में महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ रहा है। एक ओर जहां राजनीतिक दल जनता की समस्याओं के समाधान और विकास के बड़े-बड़े दांवे करते हैं, वहीं जमीनी स्तर पर ऐसी बुनियादी समस्या का समाधान न होना सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों को केवल आश्वासन देने के बजाए तत्काल प्रभाव से प्याऊ व्यवस्था शुरू करानी चाहिए, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

जनता ने प्रशासन और संबंधित संस्थाओं से मांग की है कि बिना देरी किए चरचा क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की जाए। साथ ही नियमित पानी आपूर्ति सुनिश्चित कर गर्मी के इस संकट से लोगों को राहत दिलाई जाए।

---

**11,665 नए किसान भी रहे पंजीकृत**

# 21 केन्द्रों से धान खरीदी 99.06 प्रतिशत उठाव




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के जिला कार्यालय बैकुंठपुर द्वारा बुधवार को समीक्षा रिपोर्ट में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीदी और उठाव की प्रगति सामने आई है।

जिले में इस वर्ष 21 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से व्यापक स्तर पर धान खरीदी की गई, जिसमें अब तक लगभग पूरा उठाव कर लिया गया है। जिले में समर्थन मूल्य पर कुल 12,08,131 क्विंटल धान खरीदा गया। इसमें से अब तक 11,96,742 क्विंटल 99.06 प्रतिशत धान का उठाव किया जा चुका है, जबकि लगभग 11,389 क्विंटल धान का उठाव शेष है। खाद्य विभाग के अनुसार शेष धान का उठाव 30 अप्रैल तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार जिले को लगभग 13.74 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य दिया गया था, इसके मुकाबले वास्तविक खरीदी लक्ष्य के काफी करीब रही। उठाव की प्रगति भी संतोषजनक मानी जा रही है, क्योंकि 99 प्रतिशत से अधिक धान पहले ही गोदामों से परिवहन किया जा चुका है। कुल 23,438 किसान पंजीकृत थे, इनमें से 20,442 किसानों ने धान बेचा।

#### राइस मिल और निराकरण व्यवस्था

जिले में पंजीकृत राइस मिलों के माध्यम से धान के निराकरण मिलिंग की प्रक्रिया जारी है। मिलों को जारी डीओ डिलीवरी ऑर्डर का अधिकांश उठाव पूरा हो चुका है। मिलिंग क्षमता के अनुसार धान का आवंटन किया गया है। सीएमआर कस्टम मिल्ड राइस जमा स्थिति धान मिलिंग के बाद चावल जमा करने की प्रक्रिया सीएमआर भी जारी है। कुल लक्ष्य के मुकाबले अभी आंशिक चावल ही जमा हुआ है, शेष चावल जमा करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है।

---

# जिल्दा में खुली शराब दुकान ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ा



**पूर्व में महिलाओं ने निकाली थी रैली**

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के ग्राम जिल्दा में हाल ही में खोली गई शराब दुकान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। जिला आबकारी विभाग जहां इसे अपनी उपलब्धि के रूप में पेश कर रहा है, वहीं ग्रामीण इसे प्रशासन की विफलता और मजबूरी का परिणाम बता रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा था। मध्यप्रदेश से शराब लाकर ऊंचे दामों पर बेची जा रही थी और कोचियों के सिंडिकेट के जरिए यह धंधा संचालित हो रहा था। ऐसे में उम्मीद थी कि प्रशासन अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करेगा, लेकिन इसके उलट गांव में वैध शराब दुकान खोल दी गई। गांव की महिलाओं ने इस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। उनका कहना है कि शराब की आसान उपलब्धता से युवाओं में नशे की लत बढ़ेगी, घरेलू हिंसा और पारिवारिक कलह जैसी समस्याएं और बढ़ेंगी। महिलाओं का कहना है कि वे इस दुकान के पक्ष में नहीं थीं, लेकिन अवैध शराब की समस्या और प्रशासनिक निष्क्रियता ने उन्हें इस स्थिति को स्वीकार करने पर मजबूर कर दिया। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि यदि प्रशासन को वास्तव में उनकी चिंता है, तो गांव में बुनियादी सुविधाओं की कमी क्यों बनी हुई है। साफ पेयजल, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य केन्द्र, रोजगार के अवसर और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे मुद्दे आज भी उपेक्षित हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि आबकारी विभाग मजबूरी को जरूरत बताकर अपने फैसले को सही ठहराने की कोशिश कर रहा है, जबकि शराब का बढ़ता चलन समाज और परिवार दोनों के लिए नुकसानदेह है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब के नेटवर्क पर सख्ती से रोक लगाई जाए और गांव के समग्र विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उनका कहना है कि केवल शराब दुकान खोलना समस्या का समाधान नहीं, बल्कि नई सामाजिक चुनौतियों को जन्म देना है।

---

# प्रत्येक नागरिक को कानून की बुनियादी जानकारी हो



**विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन**

**बैकुण्ठपुर।** शहर में संचालित राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कानून से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना और उन्हें उन्हें अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना था।

यह शिविर समाज में विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बैकुंठपुर ओम चौहान, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी बैकुंठपुर देवाशीष तिग्गा, अधिकार मित्र दुलेश्वर कुमार राजवाड़े उपस्थित रहे। इंस्टीट्यूट की प्राचार्या सुश्री मोनिका टोप्पो, अध्यापिकाएं एवं सभी छात्र-छात्राएं भी शामिल रही। श्री चौहान ने विधिक साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि उसके नागरिक कानून की बुनियादी जानकारी रखें, इससे न केवल वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि समाज में न्याय और समानता की स्थापना में भी योगदान दे सकते हैं। शिविर के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें अस्पताल में सभी मरीजों को समान अधिकार, महिला अधिकार, उपभोक्ता अधिकार, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा अधिनियम तथा निःशुल्क विधिक सहायता जैसे विषय प्रमुख रहे। श्री चौहान ने सरल भाषा में इन कानूनों की व्याख्या की, ताकि छात्र-छात्राएं और आम नागरिक इन्हें आसानी से समझ सकें और अपने दैनिक जीवन में लागू कर सकें। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए छात्रों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई, उन्हें बताया गया कि किस प्रकार ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया के दुरूपयोग से बचा जा सकता है। साथ ही यह भी समझाया गया कि ऐसे मामलों में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया क्या है और किन संस्थाओं से सहायता प्राप्त की जा सकती है।

---

### निर्माण स्थल से गायब रहता है बोर्ड

# वन ग्रामों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत वन ग्राम आनंदपुर में वन विभाग द्वारा नियमों को ताक में रखकर कई कार्यों को कराए गए।

जानकारी के अनुसार वन ग्राम आनंदपुर के किनारे पुराने एक बांध पर मरम्मत कार्य कराया गया, लेकिन नए सिरे से कराए गए कार्य के संबंध में नागरिक सूचना पटल भी कार्य स्थल पर लगाने की जरूरत नहीं समझी, जबकि प्रत्येक सरकारी निर्माण कार्य में पारदर्शिता के लिए कार्य स्थल पर नागरिक सूचना पटल प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया, लेकिन आनंदपुर में पुराने बांध के मरम्मत कार्य को लेकर




नियमों को ताक पर रख दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आनंदपुर में पुराने बांध का मरम्मत कार्य बिना सूचना बोर्ड के ही शुरू कर दिया गया। ऐसे में लोगों को निर्माण कार्य से संबंधित कोई जानकारी नहीं मिल रही है। कार्य किस मद से कितनी लागत से और क्या-क्या कार्य कराए जाने हैं इसकी कोई जानकारी प्रदर्शित नहीं होने के कारण लोगों को इसकी जानकारी नहीं है। ग्राम आनंदपुर वन ग्राम होने के कारण पुराने बांध मरम्मत का कार्य वन विभाग ही करा है, बांध में मिट्टी भराव के साथ पत्थर लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। बांध के उपर व किनारे में मिट्टी डाली गई है एवं उपरी हिस्से में पत्थर तोड़कर डाला गया है और आधे हिस्से में बड़े बोल्डर ऐसे ही गिराए गए हैं।

#### पारदर्शिता व गुणवत्ता ताक पर

सरकारी निर्माण कार्यों में नियमों का पालन नहीं करने से पारदर्शित ताक पर रखकर कार्य कराए जा रहे हैं, जबकि किसी भी विभाग द्वारा सार्वजनिक निर्माण कार्य शुरू करने के पूर्व ही कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड लगाया जाना चाहिए। जिसमें विभिन्न तरह के आवश्यक जानकारी प्रदर्शित किया जाना चाहिए, ऐसा नहीं करने से पारदर्शिता एवं निर्माण गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठना लाजिमी है।

#### सड़क निर्माण में भी अनदेखी

ग्राम आनंदपुर में सरकारी निर्माण कार्यों में नियमों की अनदेखी एक कार्य में नहीं बल्कि कई अन्य कार्यों में भी देखने को मिल जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आनंदपुर में जिला खनिज न्यास व मनरेगा से सीसी सड़क निर्माण कार्य कराया गया। निर्माण कार्य का एजेंसी ग्राम पंचायत नौगई को बनाया गया था। निर्माण एजेंसी द्वारा नागरिक सूचना पटल लगाया तो है, लेकिन उसमें निर्माण संबंधी आवश्यक जानकारी दर्ज नहीं की गई है। सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण की लागत का सूचना पटल में उल्लेख नहीं है और न ही कार्य प्रारंभ करने की तिथि है, लेकिन कार्य पूर्ण होने की तिथि 27 अगस्त अंकित है। इस दौरान इस वर्ष लगातार बारिश हो रही थी, तब निर्माण कार्य पूरा किया गया।

---

# महिला मोर्चा ने राहुल गांधी का फूंका पुतला



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के भगत सिंह चौक में बुधवार को नारी सम्मान और अधिकारों को लेकर विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) और महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शन में काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित न होने और महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी के विरोध में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन किया। वहीं महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारी का सम्मान, राष्ट का अभिमान जैसे नारों के साथ पूरे क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के मुद्दे पर किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर विपक्ष का रवैया महिलाओं के प्रति असंवेदनशीलता को दशार्ता है। सभी युवाओं और नागरिकों से अपील की कि वे इस तरह के आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एकजुट हों।

## खबर संक्षेप

### सर्व समाज की विधवा, तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु निःशुल्क पंजीयन शुरू

**बिश्रामपुर।** नगर के अग्रसेन भवन में 3 मई को सर्व समाज की विधवा, तलाकशुदा, परित्यकता एवं निराश्रित महिलाओं का परिचय सम्मेलन आयोजित है। इसमें उक्त वर्ग की महिलाओं का पंजीयन शुल्क एवं परिचय सम्मेलन में भाग लेने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। वैश्य वर्ल्ड फाउण्डेशन के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने कहा है कि सर्व समाज के लोग अपने-अपने समाज की महिलाएं जिनके जीवन में परिस्थितिवश रुकावटें आई है और वे वैवाहिक जीवन से विरक्त हो चुकी हैं, वे 3 मई को अग्रसेन भवन में आकर परिचय सम्मेलन स्थल पर ही पंजीयन करवा कर भाग ले सकते हैं। परिचय सम्मेलन में आवेदक या आवेदिका का आना अनिवार्य है, उनके साथ अधिकतम 2 व्यक्तियों को ही सम्मेलन स्थल पर प्रवेश दिया जाएगा। इस आयोजन हेतु रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।पंजीयन कार्यालय वीएम नर्सिंग कालेज परिसर कुंजनगर जयनगर में बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस तरह के सम्मेलन आयोजित करने से समय की बचत होगी और सभी समाज के लोगों को एक ही स्थान पर मिलने का अवसर मिलेगा।

### जमदेई हाई स्कूल के सेवानिवृत्त प्राचार्य को दी गई विदाई



**बिश्रामपुर।** शासकीय हाई स्कूल जमदेई में पदस्थ रहे प्राचार्य हर्ष नारायण शर्मा के सेवानिवृत्ति होने पर सहसम्मान विदाई दी गई,कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ,इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वागत भाषण, सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सेवानिवृत्त प्राचार्य के प्रति अपनी भावना व्यक्त की गईं। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री शर्मा के कार्यकाल को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।इस दौरान हर्ष नारायण शर्मा ने कहा कि विद्यालय परिवार के सहयोग से ही वे अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर पाए। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने उन्हें भावभीनी विदाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान मुख्य अतिथि बीआरसी मनोज मंडल, बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े, प्राचार्य महेश दोहरे, गौतम शर्मा, लौकेश साहू और हाई स्कूल के जेपी राजवाड़े,कमलेश यादव, सीएसी राजेंद्र प्रसाद, प्रधानपाठक घुमकाटिकरा नौशाद आलम, बसंत यादव, रामनाथ चौधरी, मंजुलता, उर्मिला सिंह, अरुण सिंह, रामबिलास, हुलेश्वर एवं संकुल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

### सूने मकान का ताला तोड़ चोरों ने पार किया नगदी व जेवरात

**अम्बिकापुर।** दरिमा क्षेत्र के ग्राम जयपुर में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़ कर नकदी सहित लगभग 1 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम जयपुर निवासी राजकुमार शनिवार को घर में ताला लगाकर परिवार के साथ मेंड्राकला निवासी भांजा के शादी में शामिल होने गए थे। रविवार को शादी में शामिल होने के बाद वापस घर लौटे तो देखा दरवाजा का ताला टूटा तथा कमरे में सामान बिखरे हुए थे। घर में रखे पटी की तलाशी ली तो पता चला की पेटी में रखे नगद 20 हजार रूपए के अलावा लगभग एक लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर गायब थे।

### आधा दर्जन गांव के लोगों की बढ़ी परेशानी, यात्री बस नहीं मिलने से यात्री परेशान

# यात्री बसें निर्धारित परमिट और तय मार्ग को छोड़ दूसरे मार्ग से कर रही आवागमन


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

शादी विवाह के इस सीजन में जहां लोग रिश्तेदार सहित परिचितों की शादी में शामिल होने बस का सहारा लेते है। जबकि कई ऐसे लोग भी है जिन्हे जरूरी काम से जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। ऐसे में यात्री बस न मिले तो लोग किस कदर परेशान होंगे यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम परसा से लेकर राजपुर तक की है। अंबिकापुर से बलरामपुर के लिए बड़ी संख्या में यात्री बसें संचालित है लेकिन इन दिनों यात्री बस अपनी निर्धारित परमिट और तय मार्ग को छोड़ दूसरे मार्ग से आवागमन करती है जिससे क्षेत्र के लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। घटना की शिकायत पर यातायात एवं परिवहन विभाग की टीम ने गत दिन अभियान चला कर जांच की और 8 यात्री बसों के विरूद्ध कार्रवाई की।

**खास बात**

- यातायात एवं परिवहन विभाग ने जांच कर 8 यात्री बसों पर की कार्रवाई

यातायात एवं परिवहन विभाग द्वारा जिले में यात्री बसों की अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बीती रात सेमरसोत चौक के समीप विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान शाम 5 बजे से रात 10.30 बजे तक चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में यात्री बसों की जांच की गई। जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कई बसें निर्धारित रूट का पालन नहीं कर रही थीं। विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी बसें बलरामपुर, राजपुर, बरियों होते हुए ही अंबिकापुर तक संचालित हों। बावजूद इसके अधिकांश बसें अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग से होते हुए सीधे सेमरसोत पहुंच रही थीं, जिससे राजपुर, पस्ता, बरियों और झींगों जैसे क्षेत्रों के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।जांच के दौरान कई बसों में गंभीर कमियां पाई गईं, जिनमें फिटनेस प्रमाण पत्र का अभाव, बीमा नहीं होना, ड्राइवर के पास वैध लाइसेंस नहीं होना तथा परमिट की शर्तों का उल्लंघन शामिल है। इन अनियमितताओं को देखते हुए परिवहन विभाग ने 8 बसों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 18 हजार 400 रुपये का जुर्माना वसूला।



कार्रवई करते यातायात एवं परिवहन विभाग के अधिकारी।

**मार्ग से बड़ी संख्या में चलती है बसें**

बलरामपुर से अंबिकापुर के लिए बड़ी संख्या में यात्री बसें संचालित है। लेकिन कुछ दिनों से इस मार्ग गुजरने वाली यात्री बसों ने अपने परमिट मार्ग को छोड़ अपना रूट ही बदल दिया है। ऐसे में मार्ग पर पड़ने वाले आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग यात्री बसों की सुविधा से वंचित है। ग्रामीणों और दैनिक यात्रियों को निजी वाहनों या वैकल्पिक साधनों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की परेशानियां बढ़ रही हैं।

#### परिवहन विभाग से की गई थी शिकायत

परसा से लेकर राजपुर के बीच यात्री बसों के नहीं मिलने पर लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए नवीन सोनार समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरेश सोनी ने जिला परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही व्यवस्था सुधारने की मांग की है। साथ ही ज्ञापन में बताया था कि कुछ बसें निर्धारित मार्ग से हटकर अंबिकापुर से सेमरसोत होते हुए बलरामपुर-रामानुजगंज पहुंच रही हैं, जबकि कुछ बसें वाड्रफनगर मार्ग का उपयोग कर रही हैं। ऐसे में मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले कई गांवों और कस्बों के यात्रियों को बस सुविधा नहीं मिल पा रही है। सुरेश सोनी ने सभी यात्री बसों का संचालन उनके निर्धारित परमिट और मार्ग के अनुसार सुनिश्चित करने की मांग की थी।



ज्ञापन सौंपते बजरंग दल के कार्यकर्ता व ग्रामीण।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल के शिक्षक को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बतौली के ग्राम सरमना जंगल में युवती के साथ पकडाये स्वामी आत्मानन्द स्कूल के शिक्षक पर निलंबन की कार्रवाई की मांग को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा।

- जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार झा को सौंपे ज्ञापन विजय यादव, भूपेंद्र गुप्ता, मोनू तिवारी, सुमित उपाध्याय ने अवगत कराया कि शिक्षक अपनी अमर्यादित आचरण से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की प्रतिष्ठा को ही दांव में लगा दिया और अपनी हरकतों से शिक्षा जगत भी शर्मसार किया है। ऐसे में शिक्षक के रवैया को देख अब अभिभावक भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे है। ज्ञापन में बताया गया है कि शिक्षक शराब के नशे में धुत होकर 20 अप्रैल को ग्राम पंचायत सरमना के लंकाडांड जंगल में युवती के साथ कार से ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया जहां सबूत के लिए ग्रामीणों द्वारा शिक्षक व युवती का वीडियो भी बनाया गया है। 1 बजे रात में युवती के साथ जंगल में एक साथ पाया जाना संदिग्ध है। शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में जिल शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार झा ने बताया कि शिक्षक मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है जांच हेतु चार सदस्यों का गठन किया गया है। जांच उपरांत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### खड़े ट्रक के टंकी का ताला तोड़ पार किया 380 लीटर डीजल

**सीतापुर।** प्रतापगढ़ सड़कपारा निवासी राहुल कश्यप आ. तारेलाल कश्यप ट्रक चलाने का काम करता है। वर्तमान में नरेश दुका का ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएन 5009 को चलाता है। 20 अप्रैल को अमेरा खदान से कोयला लोड कर उड़ीसा सम्बलपुर जाने के लिए निकला था। रात हो जाने पर प्रतापगढ़ स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप वाहन को खड़ा कर सो गया। इसी बीच देर रात अज्ञात लोगों ने खड़ा ट्रक के डीजल टंकी का ताला तोड़ कर टंकी से 380 लीटर डीजल चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी उस समय लगी जब चालक सुबह उठा तो देखा डीजल टंकी का ताला टूटा तथा जमीन पर डीजल गिरा हुआ था। ट्रक से डीजल चोरी होने की रिपोर्ट चालक ने थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को नीति-निर्धारण में भागीदारी का था अवसर : मंजूषा

**राजपुर।** स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में अंबिकापुर महापौर मंजूषा भगत ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक पहल बताते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह कानून देश की आधी आबादी यानी महिलाओं को नीति-निर्धारण में भागीदारी देने का एक बड़ा अवसर था, लेकिन विपक्ष के राजनीतिक स्वार्थ के कारण इसे अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका।

अम्बिकापुर महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक परंपरा में महिलाओं की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है और यह अधिनियम उन्हें संसद एवं विधानसभाओं में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम था। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने अपने राजनीतिक हितों के चलते महिलाओं के सशक्तिकरण के इस अवसर को बाधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार ने महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। महापौर से छत्तीसगढ़ में भाजपा 54 सीट पर कब्जा है और मात्र एक विधायक को मंत्री मनाया गया, केंद्र सरकार की 33 प्रतिशत आरक्षण लागू होगी तो महिलाओं को 33 प्रतिशत के आधार पर मंत्री, सांसद व विधायक का लाभ मिलेगा। इस दौरान संजय सिंह, प्रवीण अग्रवाल, शिवनाथ जायसवाल, धरम सिंह, संतोष तिवारी, माधुरी लकड़ा, श्रीमती मोनिका कुजूर, मंजू बंसल, अंजू भगत, गीता पैकरा, स्वेता गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।



## कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया अक्ति तिहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

कृषि विज्ञान केन्द्र सीतापुर मैनपाट में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर अक्ति तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कृषि विज्ञान केन्द्र सीतापुर मैनपाट के प्रक्षेत्र-चलता में धरती माता समेत माटी,बीज,कृषि उपकरणों की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि द्वारा खेती किसानी के नए सत्र की शुरुआत करते हुए अच्छी फसल के लिए धरती माता से प्रार्थना की एवं अच्छी फसल के साथ लोगों के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने,अच्छी सेहत के लिये छोटे अनाज वाली फसलों को उगाने एवं किसानों को संगठन बनाकर सामूहिक खेती करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि राजकुमार गुप्ता एवं किरण भगत ने किसानों के लिए की जा रही तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र की सराहना की। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप लकड़ा, डॉ. चन्द्रमणी साहू एवं डॉ. सूरज पंकज ने प्रशिक्षण के दौरान किसानों को बताया की खेती में रासायनिक उर्वरकों का आवश्यकता से ज्यादा उपयोग होने लगा है।जिसकी वजह से मौजूदा समय में रासायनिक खाद एवं उर्वरकों की आपूर्ति में समस्या आने लगी है। किसानों को रासायनिक उर्वरकों का धीरे धीरे उपयोग कम करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जैविक खाद जैसे हरी खाद,नील हरित शैवाल एवं जैव उर्वरकों के उपयोग ज्यादा करना चाहिए। सारे जैविक खाद मिट्टी और पर्यावरण की सेहत के लिए अधिक सुरक्षित माने जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी कृषक बहनों को तकनीकी जानकारी प्रदान करते हुए केन्द्र के विभिन्न इकाइयों का भ्रमण कराया गया। इस दौरान सभी को एक-एक लीची का पौधा भेंट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



## ओपीएस में 15 दिवसीय समर कैम्प शुरू

**अम्बिकापुर।** शहर के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप के पहले ही दिन विद्यालय परिसर में 93 बच्चों का जोश और उत्साह देखने को मिला।

- खेल, तैराकी, नृत्य, कला और संगीत की गतिविधियों से गूंजा विद्यालय परिसर

समर कैंप अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं कौशल विकास गतिविधियों का आयोजन किया गया है। इसमें खेल प्रशिक्षण, तैराकी, नृत्य, कला तथा संगीत जैसी गतिविधियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए नई-नई विधाओं को सीख रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रीष्मावकाश के दौरान रचनात्मक, स्वस्थ और आनंदमय वातावरण प्रदान करना है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा को निखार सकें। कैम्प के संचालन में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक अनिल बर्नवाल, योगेश कुशवाहा, प्रभाकर स्वाईं, मृणाल मेहता, अंजलि मिंज, अंजलि राजवाड़े, बुशरा अंसारी एवं अल्फिया शाद के साथ संगीत शिक्षक शान्तनु कुमार का अहम योगदान है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।











## संभागीय महिला डेंटल कौंसिल का गठन, डॉ नीतू बनी चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ऑल इंडिया डेंटल कौंसिल की संभागीय महिला विंग की बैठक का आयोजन स्थानीय सरगवां पैलेस रिसोर्ट में आयोजित किया गया जिसमें संभाग की महिला डेंटिस्ट डॉक्टर ने सहभागिता की। विभिन्न क्षेत्र से आई महिला डेंटिस्ट डॉक्टर ने अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया और समस्याओं के निराकरण हेतु एकजुट के साथ मजबूत पहल पर जोर दिया।

बैठक के दौरान पूर्व चेयरमैन डॉ. भावना परिडा एवं डेंटल सर्जन डॉ. लवली नैनन,डॉ. नीलम कुमार, डॉ. तूलिका सिंह के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी हेतु सक्रिय डेंटल सर्जन डॉक्टर नीतू सिंह के नाम चेयरमैन पद हेतु सर्वसम्मति से पारित किया गया। चेयरमैन पद पर डॉ. पल्लवी शुक्ला एवं कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. प्रियंका जैन श्रीवास्तव को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. लवली नैनान, डॉ. तूलिका सिंह, डॉ. नीलम कुमार, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. पल्लवी शुक्ला, डॉ. दीपिका शशि, डॉ. प्रतिभा अम्बष्ट, डॉ. सहाना फ़िरदौसी, डॉ. प्रियंका जैन श्रीवास्तव, डॉ. शोंखु गोयल, डॉ. रश्मि तिवारी, डॉ. प्रज्ञा गोयल, डॉ.प्रेरणा गोयल, डॉ. सृष्टि मेहता, डॉ. दीपिका श्रीवास्तव, डॉ. शिल्पा सिन्हा, डॉ. श्रद्धा गुप्ता, डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल, डॉ. सीमा लस्की आदि डॉक्टर्स की सहभागिता रही।





















## खबर संक्षेप

### अक्षय तृतीया पर जिले में रोके गए 10 बाल विवाह

**सूरजपुर।** बाल विवाह मुक्त सूरजपुर की दिशा में जिला प्रशासन ने अक्षय तृतीया के मुहूर्त पर बड़ी सफलता हासिल की। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर जिले में प्रशासनिक अमले का उड़नदस्ता दल अक्षय तृतीया पर होने वाले विवाहों पर सतत नजर बनाए हुए था, जिसके परिणामस्वरूप जिले में कुल 10 बाल विवाह समय रहते रोके गए। जिले के समस्त विकासखण्डों में उड़नदस्ता दल गठित किए थे। अक्षय तृतीया के अवसर पर विवाहों की संघन जांच के दौरान 10 स्थानों पर बाल विवाह होते पाए जाने पर परिजन को समझाइश दी गई तथा विवाह रोकवाए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल इस दौरान सभी से संवाद कर यह सुनिश्चित करते रहे कि जिले में कहीं भी बाल विवाह न हो। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल समस्त उड़नदस्ता दलों, परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड लाइन की टीम के साथ सक्रिय रहकर कार्रवाई का मार्गदर्शन करते रहे। अक्षय तृतीया के अवसर पर मात्र चार दिनों के भीतर विकासखण्ड रामानुजनगर से 2 बाल विवाह, विकासखंड भैयाथान से 4 बाल विवाह, विकासखंड प्रतापपुर से 2 बाल विवाह तथा विकासखंड ओडगी के बिहारपुर से 2 बाल विवाह रोके गए। रोके गए बाल विवाहों में 17 वर्षीय बालक एवं 14 वर्षीय बालिका भी शामिल हैं। बाल विवाह रोकने की इस संयुक्त कार्रवाई में तहसीलदार गनहरण सिंह राठिया, अनुराधा आर्या, अखिलेश सिंह, अमित कुमार भारिया, अंजनी साहू, आरती राजवाड़े, जनार्दन यादव, प्रकाश राजवाड़े, दिनेश यादव, यशोदा गुप्ता, शीता सिंह, श्रीमती रत्यवती दास, श्रीमती गंगोत्री मानिकपुरी, श्रीमती सर्वधा कुर्रे, श्रीमती शीला वर्मा, श्रीमती राधा कंवर, श्रीमती प्रभा, श्रीमती तारा पटेल, हीरालाल साहू, आरपी साहू, छेत्रपाल सिंह, अनिल कुजुर, प्रेम सिंह, भुनेश्वर सिंह, मनोज जायसवाल, करथुला मिंज, अश्विन कुजूर, विजयी सिंह मरकाम, राम प्रसाद शांडिल्य, रामशंकर पौरे सहित सरपंच, सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

### आईटीआई कर्मचारी संघ के सोनी संभागीय अध्यक्ष निर्वाचित

**अम्बिकापुर।** आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ का निर्वाचन शासकीय आईटीआई में शांतिपूर्ण हुआ। संभाग अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन प्राप्त होने पर राजेश सोनी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। इस दौरान संभाग के विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्षों का भी निर्वाचन किया गया जिसमें सभी प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। घोषित जिलाध्यक्षों में सरगुजा से श्रीमती बिंदेश्वरी सिंह, सूरजपुर से देव सिंह, एमसीबी से मनोज शुक्ला, जशपुर से आशीष पन्ना, कोरिया से आशुतोष शर्मा तथा बलरामपुर सेभूपेंद्र साहू शामिल हैं। संभागीय कार्यकारिणी में पदाधिकारियों का चयन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संभाग अध्यक्ष श्रीमती नीरा वर्मा, उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिदार एवं संतोष दुबे, सचिव ओमप्रकाश बघेल, कोषाध्यक्ष नीरज राठौर, संगठन सचिव अजय जांगड़े एवं श्रीमती समर अंसारी, प्रचार सचिव बजरंग बहादुर उइके, संयुक्त सचिव शब्बीर आलम तथा उप कोषाध्यक्ष श्रीमती संतोष त्रिपाठी निर्वाचित हुके। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी आनंद सिंह यादव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी भोज केसरवानी ने किया गया।

## पेज 1 के शेष...

### फर्जी अधिकारी बनकर ठगी करने...

अपने साथ हुई घटना से सरपंच को अवगत कराया। सरपंच ने तत्काल पुलिस को घटना से अवगत कराया और ठगों की गतिविधियों पर निगरानी रखे हुए थे। सरपंच की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचती उससे पहले ही ठग वाहन से भाग निकले। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर रायगढ़ रोड सीतापुर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने तलाशी के दौरान ठगो के पास से नगद 5 हजार रुपये,7 नग मोबाइल एवं इनोवा वाहन जब्त किया। पुलिस ने आरोपी रामाकांत मिंज आ. ननी राम मिंज (34 वर्ष), श्यामलाल सारथी आ. स्व. केड़ा सारथी (54 वर्ष), अनुज भगत आ. श्यामलाल भगत (37 वर्ष), आकाश केरकेट्टा आ. विनोद केरकेट्टा (27 वर्ष), आबिद खेस आ. सिमोन खेस (27 वर्ष) एवं अनिला एशोर्या मिंज आ. इलिफ़ मिंज (27 वर्ष) के विरुद्ध धारा 333,61(2),112,3(5) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। इस मामले का मुख्य आरोपी नीरज प्रजापति फरार है जिसकी तलाश में पुलिस द्वारा की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह, उपनिरीक्षक रघुनाथ राम भगत, एएसआई शशि प्रभा दास, प्रधान आरक्षक नीरज पांडेय, आरक्षक मनोहर कुमार, प्रमित भगत, राकेश यादव, धनकेश्वर यादव, देवदत्त सिंह, सेवक प्रसाद एवं महिला आरक्षक आशावती शामिल थे।

## पांच दिन से पानी टंकी सुखी, घरों में पानी सप्लाई ठप


# भीषण गर्मी के बीच नपं प्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 7 में पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**
- बूंद-बूंद पानी के लिए तरस लोग

जल ही जीवन है यह स्लोगन प्रायः हर जगह लिखे देखे जा सकते है परंतु स्लोगन का अर्थ लोगों को तब समझ में आता है जब पानी की किल्लत महसूस होती है। वैसे तो भीषण गर्मी पड़ने से जल स्तर लगातार कम हो रहा है और पानी के स्त्रोत तालाब, नदी व बांध में पहले की अपेक्षा जल्द ही सूखने लगी है। ऐसे में प्रशासन द्वारा लोगों को पेयजल की समस्या न हो इसे लेकर विभिन्न योजना के तहत पेयजल सप्लाई की जा रही है। प्रतापपुर नगर पंचायत के वार्डो में भी पानी टंकी के माध्यम से लोगों के घरों में पानी पहुंचाई जाती है। लेकिन वार्ड क्रमांक 7 के वार्ड वासी इन दिनों पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। पिछले पांच दिनों से घरों में पानी सप्लाई ठंप है जिसे लेकर लोगों में काफी आक्रोश है।

इस भीषण गर्मी के बीच नगर पंचायत प्रतापपुर के वार्ड नंबर 7 में पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। पिछले पांच दिनों से वार्डवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर छत्तीसगढ़ शासन घर-घर नल-जल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। वार्ड नंबर 7 के लोग आज भी पानी जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है। मजबूरी में उन्हें दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो गई है, जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है और पानी की मांग भी चरम पर है। घरों में पेयजल सप्लाई नहीं होने से वार्डवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत की लापरवाही के कारण ही ऐसी स्थिति उत्पन्न हुआ है। लोगों का कहना है कि न तो समय पर पाइपलाइन की मरम्मत की जाती है और न ही पानी सप्लाई की कोई ठोस व्यवस्था है जिससे अब इस भीषण गर्मी में वार्ड के लोग पेयजल की सुविधा से वंचित है।


अनुपयोगी पानी टंकी।

### लोगों की पेयजल सप्लाई की मांग

नगर के वार्ड क्रमांक 7 में पिछले पांच दिनों से पेयजल सप्लाई बंद है। ऐसे में लोग किसी तरह दूसरे वार्ड या आसपास क्षेत्र से निस्तारण सहित पेयजल की व्यवस्था कर काम चला रहे है। ऐसा नहीं है कि वार्डवासियों ने पेयजल सप्लाई ठप होने की शिकायत नगर पंचायत में नहीं की है बावजूद इसके आज तक घरों में पानी की सप्लाई हो इसे लेकर किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। ऐसे में लोगों में आक्रोश है। वार्डवासियों ने पानी टंकी से पेयजल सप्लाई किए जाने की मांग की है जिससे इसी भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

### आंदोलन की चेतावनी

लोगों का कहना है कि केवल पेयजल ही नहीं, बल्कि नगर पंचायत में सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। वार्डवासियों का आरोप है कि समस्याओं की जानकारी देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि पेयजल बड़ी समस्या होने के बावजूद कोई समाधान नहीं किया गया। स्थिति यह है कि अब वार्डवासी केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं हैं। वार्डवासी जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है। यदि समय रहते समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो वार्ड वासियों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### पाइप लाइन में है तकनीकी खराबी

वार्ड क्रमांक 7 में पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रहा है। पाइपलाइन में तकनीकी समस्या के कारण पानी टंकी तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। मै अभी रायपुर में हूं। फोन के माध्यम से कर्मचारियों को तत्काल समस्या के समाधान करने के निर्देशित किया जाएगा।

-यूसीप्रिया एक्का, सीएमओ प्रतापपुर

## लटोरी बस स्टैंड स्थित नाली निर्माण कार्य के दौरान पानी सप्लाई लाइन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत लटोरी के बस स्टैंड समीप कराए जा रहे लापरवाहीपूर्ण नाली निर्माण कार्य से गांव में पानी की किल्लत हो गई है। यहां पर नाली निर्माण के दौरान की गई अव्यवस्थित खुदाई में जल जीवन मिशन की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है।गौरतलब है जल जीवन मिशन अंतर्गत सरकार द्वारा कई करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि खर्च कर आम लोगों का जीवन सुखद बनाने की कोशिश की गई है, लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और बयां कर रही है,लटोरी बस स्टैंड समीप पाइपलाइन टूटते ही गांव में जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई और अब हालात यह हैं कि लोग भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। अप्रैल की झुलसा देने वाली गर्मी में जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं पानी की कमी ने ग्रामीणों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। सुबह होते ही गांव की महिलाएं और बच्चे बर्तन लेकर पानी की तलाश में निकल पड़ते हैं।कुछ ग्रामीण हैंडपंप की लंबी कतार में खड़ा होने विवश हैं, तो कोई दूर-दराज के कुओं और नलकूपों से पानी ढोने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले घर-घर नल से पानी मिल रहा था, लेकिन पाइपलाइन टूटने के बाद से पूरा सिस्टम बंद हो गया है। लोगों का आरोप है कि नाली निर्माण कार्य बिना किसी तकनीकी मार्गदर्शन और समुचित सर्वे के शुरू कर दिया गया। भूमिगत पाइपलाइन की जानकारी लिए बिना ही मशीनों से खुदाई कर दी गई, जिसका खामियाजा अब पूरे गांव को भुगतना पड़ रहा है। पेयजल संकट से त्रस्त ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप तत्काल पाइपलाइन की मरम्मत, जल आपूर्ति बहाल करने और नाली निर्माण कार्य को तकनीकी मानकों के अनुसार कराने की मांग की है।



# दर्जनों टोलों के विद्युतीकरण को मंजूरी

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों के समग्र विकास को नई गति मिल रही है। इसी क्रम में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से जिले के वनांचल क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने की दिशा में बड़ी पहल साकार हुई है। भटगांव विधानसभा क्षेत्र के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के दर्जनों गांवों और आश्रित टोलों के विद्युतीकरण के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े की पहल पर कोल्हुआ, महुली, करोटी, चोंगा सहित कई ग्राम पंचायतों के विभिन्न टोलों में विद्युतीकरण कार्य स्वीकृत हुआ है। इसके अंतर्गत स्कूलपारा, हरिजनपारा, पांडोपारा, खासपारा, पहाड़पारा, मधवानीपारा, आमपारा और श्यामपारा जैसे क्षेत्रों में पहली बार नियमित विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही कछवारी, खैरा, नवडीहा और कछिया जैसे अन्य क्षेत्रों को भी इस योजना में शामिल किया गया है। सीएसपीडीसीएल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी कार्यों को प्रारंभ होने के तीन माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता को सौंपी गई है, ताकि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित हो सके। वनांचल क्षेत्रों के ग्रामीणों की यह लंबे समय से प्रमुख मांग रही है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इसे प्राथमिकता में रखते हुए लगातार विभागीय स्तर पर समन्वय किया, जिसके परिणामस्वरूप करोड़ों रुपये की लागत से 28 से अधिक विद्युतीकरण कार्यों को मंजूरी मिली।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंच रही है।

## ऑटो की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम नान दमाली लोटना नदी घाट पर ऑटो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पूटा खर्राडांड़ निवासी देव नारायण पंडो आ. वातन पंडो (32 वर्ष) सोमवार की शाम किसी काम के सिलसिले में बाइक से शहर की ओर आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम नान दमाली लोटना नदी घाट पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो के चालक उमेश ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर चोट लगने से बाइक सवार मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही चचेरा भाई सुरेश पंडो तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल को दरिमा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# एसजीजीयू कार्य परिषद की बैठक में 25 नए विषयों को प्रारम्भ करने की स्वीकृति, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कार्य परिषद की 94 वीं बैठक कालीदास विद्यापुरम भकुरा के विज्ञान संकाय भवन में कुलपति प्रो. राजेंद्र लाकपाले की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में विश्वविद्यालय की वर्तमान दिशा और दशा के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श करने के साथ ही भविष्य की कार्य योजना का निर्धारण किया गया ।


कार्य परिषद की बैठक में शामिल अधिकारी।

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षण विभाग द्वारा संचालित दो विषयो प्रयोजनमूलक हिंदी तथा लीगल स्टडी (विधिक अध्ययन) को विद्या परिषद के द्वारा की गई सिफारिश को स्वीकार करते हुए क्रमश हिंदी विभाग और विधि विभाग के नाम को मंजूरी प्रदान की गई ।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मंशा अनुरुप बहुविषय शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवीन शैक्षणिक सत्र में 25 नवीन विषयों के संचालन को मंजूरी दी गई जिसमें परफॉर्मिंग आर्ट, हिंदू अध्ययन ,खाद्य प्रसंस्करण, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, इको टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट एवं रुरल टेक्नोलॉजी विषय के माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न 40 प्रकार के प्रशिक्षण जो तीन माह,छह माह एवं अधिकतम एक वर्ष के सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया जायेगा। इन विषयों में अध्ययनरत युवा सरलता से रोजगार प्राप्त कर सकेगे एवं स्वरोजगार स्थापित भी कर सकेगे ।कार्य परिषद ने ऐसे पाठ्यक्रमों को संचालित करने पर प्रसंशा व्यक्त की एवं स्वीकृति प्रदान की । कार्य परिषद के सदस्यों में दिल्ली विश्वविद्यालय में हिन्दू विभाग में प्रोफेसर डॉ चन्दन कुमार, रांची से बिनोद सरावगी एवं इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में पूर्व संचालक अनुसंधान सेवाएं डा.जे.एस.उरकुरकर ने नए पाठ्यक्रमों पर संतोष व्यक्त किया साथ ही अधोसंरचना की अपूर्णता पर चिंता जताई। विश्वविद्यालय पहाड़ी क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां पर पेयजल की समस्या बनी रहती है परंतु विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में चार ऐसे स्थान खोजें गये है जहां से प्राकृतिक रूप से पानी का निरन्तर रीसाव होता रहता है।इसे स्थानीय भाषा में ढोढी कहते हैं।इन प्राकृतिक श्रोतों पर जल भण्डारण संरचना का निर्माण कर जल आपूर्ति किया जाना सम्भव हो सकेगा। इसकी पहल के लिए कार्य परिषद सदस्य एवं उद्यमी कान्त दुबेने इसके लिए हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। कार्य परिषद ने वर्तमान परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और समय सीमा के अन्दर परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु विश्वविद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं का का मूल्यांकन ऑनलाइन डिजिटल प्रणाली के माध्यम से शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कार्य परिषद के सदस्यों ने विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे जिससे विश्वविद्यालय के विकास में एक नई दिशा मिल सके। कुल सचिव एवं कार्य परिषद के सचिव डॉ इस पी त्रिपाठी ने एजेंडा का प्रस्तुतिकरण किया।बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक रिजवान उल्ला , सम्भागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा पंचराम महादेवा, समाजसेवी रामलखन सिंह पैंकरा, संकायाध्यक्ष अंग्रेजी डा. एस. एन पाण्डेय, डॉ अंजन, डॉ श्रद्धा मिश्रा, डॉ अमरेंद्र, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अकादमिक डॉ पीयूष कुमार पाण्डेय उपस्थित थे।

# चेकडेम ग्रामीणों के लिए आत्मनिर्भरता की खोल रहा नई राह

**राजपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चन्द्रगढ़ के कोरोना नाला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निर्मित हो रहा चेकडेम ग्रामीणों के लिए आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रहा है। यह परियोजना जल संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन और खेती-किसानी में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रही है। चेकडैम का निर्माण कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग की निगरानी में किया जा रहा है।



कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग से यह कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। चेकडेम बनने से वर्षा जल का संरक्षण होगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इस परियोजना से सीधे तौर पर कई किसानों को लाभ मिल रहा है। इनमें सुन्दर लाल, हरिप्रसाद, बुधराम, जगत राम, कृष्णा राम, जढ्दू राम, शंकर, लाल साय, रामचरण और चितरंजन प्रमुख हैं। इसके अलावा आसपास के 20 से 25 अन्य किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। ग्रामीणों का कहना है कि पहले पानी की कमी के कारण सिंचाई में काफी दिक्कत होती थी, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित होता था। लेकिन चेकडेम बनने के बाद यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। अब किसान मक्का, गेहूं, सरसों, धान, अरहर और उड़द जैसी पारंपरिक फसलों के साथ-साथ परवल, भिंडी, बरबटी और मटर जैसी सब्जियों का उत्पादन भी आसानी से कर सकेंगे। ग्रामीणों का मानना है कि यह चेकडेम न केवल जल संरक्षण का प्रभावी साधन है, बल्कि इससे उनकी आय में वृद्धि होगी और गांव की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। मनरेगा के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से ग्रामीणों को अपने ही गांव में काम उपलब्ध हो रहा है, जिससे पलायन की समस्या में भी कमी आने की उम्मीद है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# महिला मोर्चा ने कांग्रेस और विपक्षी दलों का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का विरोध करने पर भाजयुमो एवं भाजपा महिला मोर्चा ने जिले में विपक्षी नेताओं व विपक्षी दलो का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।



भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नूतन विश्वास के नेतृत्व में विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और असदुद्दीन ओवैसी की शव यात्रा निकाली गई। यह शव यात्रा पुराना विश्राम गृह से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक तक पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने विपक्षी नेताओं का पुतला दहन किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता ने कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को नेतृत्व देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, वहीं कांग्रेस और उसके सहयोगी दल मातृशक्ति को केवल वोट बैंक समझते हैं। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नूतन विश्वास ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने वाला था, जिसे रोकने का प्रयास कर विपक्ष ने देश की करोड़ों महिलाओं का अपमान किया है। इस दौरान चंद्रमणि पैकरा, किरण खेश, स्वाति सिंह, देवंती साहू, रश्मि सोनी, रोशनी सोनी, सुमित्रा राजवाड़े, नीरू गुप्ता, पूजा गुप्ता, नंद कुमारी, सीता जायसवाल, सुमित्रा राजवाड़े, हेमलता जायसवाल, किस्मतिया देवांगन, सुखमन, बबली, शांति, तुलेश्वरी, सीता, वंदना, पूजा, दुर्गावती, सरोज, कविता, वर्मिला, संतोषी, नितिन गुप्ता, सुधा साहू, पार्वती साहू, दुर्गा, अनीता, नीरू, तारा, सीमा, पुष्पा, मानती, सविता, बबीता, बॉबी राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, रितेश गुप्ता, संत सिंह, संदीप अग्रवाल, रामेश्वरम तिवारी, शैलेश अग्रवाल, संजू सोनी, पंकज चौबे, छोटू, मुकेश साहू, दीक्षित वर्मा, विकास अग्रवाल, धर्म सोनी, हर्ष गुप्ता, बंटी ठाकुर, हेमंत बैगा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज प्रसाद
डॉ.रोशन वर्मा
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.विकाश गोयल
BLOOD BANK CENTER
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड, प्रकाश हॉस्पिटल के बगल में अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सुप्रसिद्ध न्यूरो सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ.देवान्श मिश्रा
26 अप्रैल 2026, माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411